# गेल डी॰ ए॰ वी॰ पब्लिक स्कूल

## गेलगाँव दिबियापुर

**विषय- हिंदी** **कक्षा - 8**

**पाठ-1 हम पंछी उन्मुक्त गगन के** **पूर्णांक- 25 अंक**

## खण्ड 'क'

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 5 |
| | होती सीमाहीन क्षितिज से<br>इन पंखों की होड़ा-होड़ी।<br>या तो क्षितिज मिलन बन जाता<br>या तनती साँसों की डोरी।<br>नीड़ न दो चाहे टहनी का<br>आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो।<br>लेकिन पंख दिए हैं तो<br>आकुल उड़ान में विघ्न न डालो। | |
| क | यदि किसी को सभी सुविधाएँ मिल जाएँ लेकिन स्वतंत्रता न मिले, तो कविता के अनुसार वह स्थिति कैसी होगी?<br>A. आदर्श स्थिति<br>B. संतोषजनक स्थिति<br>C. अधूरी और असंतोषजनक स्थिति<br>D. सबसे अच्छी स्थिति | 1 |
| ख | इस पद्यांश के अनुसार 'पंख' किसका प्रतीक हैं?<br>A. केवल पक्षियों के अंग<br>B. शक्ति और स्वतंत्रता<br>C. कमज़ोरी<br>D. प्रकृति का सौंदर्य | 1 |
| ग | 'क्षितिज मिलन बन जाता' से क्या तात्पर्य है?<br>A. आकाश और धरती का वास्तविक मिलन<br>B. लक्ष्य की प्राप्ति का प्रतीक<br>C. प्रकृति का परिवर्तन | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | D. दिन और रात का संगम | |
| घ | यदि किसी व्यक्ति के सपनों को बार-बार रोका जाए, तो वह इस कविता से क्या सीख सकता है?<br>A. सपने देखना बंद कर देना चाहिए<br>B. परिस्थितियों के अनुसार समझौता कर लेना चाहिए<br>C. बाधाओं के बावजूद प्रयास जारी रखना चाहिए<br>D. दूसरों को दोष देना चाहिए | 1 |
| ङ | 'या तनती साँसों की डोरी' पंक्ति किस स्थिति को दर्शाती है?<br>A. आराम और संतोष की स्थिति<br>B. संघर्ष और परिश्रम की चरम सीमा<br>C. खेल-कूद का आनंद<br>D. हार मान लेने की स्थिति | 1 |
| 2- | पाठ पर आधारित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए । | 2×3=6 |
| क | कवि 'पंछी' के माध्यम से किस स्वभाव और भावना को व्यक्त करना चाहता है? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| ख | 'नीड़ न दो चाहे टहनी का...' पंक्ति के आधार पर बताइए कि कवि स्वतंत्रता को सुविधाओं से अधिक महत्वपूर्ण क्यों मानता है? | 2 |
| ग | कविता के अनुसार किसी व्यक्ति की उन्नति में बाधाएँ डालना क्यों अनुचित है? | 2 |
| | **खण्ड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण** | |
| 3 | निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार चिह्न का प्रयोग करके लिखिए।<br>क) ससाधन<br>ख) शातिप्रिय | 2 |
| 4 | निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करके लिखिए।<br>क) आगन<br>ख) भाषाए | 2 |
| 5 | निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।<br>क) स्वर्ण<br>ख) आश्रय | 2 |
| 6 | नीचे दिए गए शब्दों के एक-एक समानार्थी रूप लिखिए।<br>क) नीड़<br>ख) पंछी | 2 |

 © GAIL DAV PUBLIC SCHOOL

| | | |
|---|---|---|
| 7 | निम्नलिखित शब्दों में 'र' के सही रूप का प्रयोग करके लिखिए।<br>क) धमराज<br>ख) राष्टवाद | 1 |
| | **खण्ड 'ग' लेखन** | |
| 8 | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>भारत जैसे विशाल देश में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक संस्कृति बन चुका है। गली-मोहल्लों से लेकर बड़े स्टेडियमों तक, यह खेल हर भारतीय के दिल में धड़कता है। क्रिकेट की शुरुआत इंग्लैंड में हुई थी, लेकिन आज इसकी लोकप्रियता के मामले में दक्षिण एशियाई देश सबसे आगे हैं। यह खेल धैर्य, अनुशासन और टीम वर्क का बेहतरीन उदाहरण पेश करता है।<br>क्रिकेट के मुख्य रूप से तीन प्रारूप होते हैं: टेस्ट मैच, एकदिवसीय और टी-20। जहाँ टेस्ट मैच खिलाड़ी के धैर्य और तकनीक की परीक्षा लेता है, वहीं टी-20 अपनी आक्रामकता और रोमांच के लिए जाना जाता है। एक क्रिकेट टीम में ग्यारह खिलाड़ी होते हैं, जिनमें बल्लेबाज़, गेंदबाज़ और ऑल-राउंडर शामिल होते हैं। खेल का मुख्य केंद्र 'पिच' होती है, जिसकी लंबाई 22 गज होती है। पिच के दोनों सिरों पर तीन-तीन डंडे लगे होते हैं जिन्हें 'स्टंप्स' कहा जाता है।<br>इस खेल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अनिश्चितता है। कभी-कभी एक अंतिम गेंद पूरे मैच का पासा पलट देती है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम का हर खिलाड़ी सजग रहता है क्योंकि एक छूटा हुआ कैच मैच का परिणाम बदल सकता है। क्रिकेट हमें सिखाता है कि हारने के बाद भी उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए और जीतने के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष करना चाहिए। यही कारण है कि जब भी मैदान पर भारत और पाकिस्तान जैसी टीमों का मुकाबला होता है, तो पूरा देश अपनी सारी व्यस्तता छोड़कर टेलीविजन के सामने बैठ जाता है। | 5 |
| 1 | क्रिकेट का कौन-सा प्रारूप खिलाड़ी के धैर्य और तकनीक की सबसे कड़ी परीक्षा लेता है?<br>(क) टी-20<br>(ख) टेस्ट मैच<br>(ग) एकदिवसीय<br>(घ) गली क्रिकेट | 1 |
| 2 | नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक कथन (A) और दूसरा कारण (R) है। इन्हें पढ़कर सही विकल्प चुनें:<br>कथन (A): क्रिकेट को 'अनिश्चितताओं का खेल' कहा जाता है।<br>कारण (R): इस खेल में अंतिम गेंद तक परिणाम बदलना संभव होता है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(ग) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।<br>(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है। | |
| 3 | यदि किसी टीम के पास बहुत अच्छे बल्लेबाज़ हैं लेकिन उनके बीच आपसी सामंजस्य की कमी है, तो गद्यांश के संदर्भ में इसका क्या परिणाम हो सकता है?<br>(क) टीम आसानी से जीत जाएगी क्योंकि उनके पास अच्छे बल्लेबाज़ हैं।<br>(ख) व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा होगा लेकिन टीम के रूप में हार की संभावना बढ़ जाएगी।<br>(ग) इससे खेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।<br>(घ) विपक्षी टीम बिना खेले ही हार मान लेगी। | 1 |
| 4 | क्रिकेट के खेल में 'पिच' का क्या महत्व है और इसकी मानक लंबाई कितनी होती है? | 2 |

 © GAIL DAV PUBLIC SCHOOL

**गेल डी० ए० वी० पब्लिक स्कूल**

**गेलगाँव दिबियापुर**

**विषय- हिंदी** **कक्षा - 8**

**पाठ-2 असल धन** **पूर्णांक- 25 अंक**

## खण्ड 'क'

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 5 |
| | बहुत दिनों की बात है, ईरान के किसी गाँव में एक चरवाहा रहता था। वह बड़ा ही गरीब था। बस, दिन में दो समय रूखी-सूखी रोटी मिल जाती थी। पहनने के लिए भेड़ की ऊन से बने फटे-पुराने कपड़े थे और रहने के लिए एक छोटी-सी झोंपड़ी थी जिसकी आधी छत गिर चुकी थी। गरीब होते हुए भी गाँव वाले उसका बड़ा सम्मान करते थे। इसका कारण उसके अनेक गुण थे।<br>वह बड़ा ही बुद्धिमान था। गाँव वाले अपनी कठिन और जटिल समस्याएँ लेकर उसके पास आते और वह उन्हें बड़ी बुद्धिमानी से सुलझा देता था। गाँव के सब झगड़ों का निबटारा वही करता था। धीरे-धीरे उसकी बुद्धिमानी की धूम दूर-दूर तक पहुँच गई। लोग आपस में यही बातें करते- 'दारा कितना बुद्धिमान है।'<br>'वह केवल एक चरवाहा है परंतु उसकी बुद्धि राजाओं की-सी है।'<br>'संसार का कोई ऐसा प्रश्न नहीं जिसका उत्तर उसके पास न हो।' | |
| क | गाँव वाले दारा का सम्मान क्यों करते थे?<br>(A) वह बहुत अमीर था<br>(B) वह बहुत शक्तिशाली था<br>(C) वह बुद्धिमान और समस्या समाधान करने वाला था<br>(D) वह गाँव का मुखिया था | 1 |
| ख | यदि दारा अपनी बुद्धिमानी का उपयोग केवल अपने लाभ के लिए करता, तो गाँव वालों पर क्या प्रभाव पड़ता?<br>(A) गाँव और अधिक समृद्ध हो जाता<br>(B) गाँव में समस्याएँ बढ़ जातीं<br>(C) गाँव वालों का सम्मान और बढ़ जाता | 1 |

 © GAIL DAV PUBLIC SCHOOL

| | | |
|---|---|---|
| | (D) कोई प्रभाव नहीं पड़ता | |
| ग | दारा की जीवन-स्थिति से यह क्या निष्कर्ष निकलता है?<br>(A) केवल धन से ही सम्मान मिलता है<br>(B) गरीबी में सम्मान नहीं मिल सकता<br>(C) गुण और व्यवहार से सम्मान मिलता है<br>(D) गरीब लोग बुद्धिमान नहीं होते | 1 |
| घ | गाँव के झगड़ों का निबटारा दारा ही करता था। इससे उसके किस गुण का पता चलता है?<br>(A) साहस<br>(B) न्यायप्रियता और समझदारी<br>(C) लालच<br>(D) आलस्य | 1 |
| ङ | यदि गाँव में दारा जैसा व्यक्ति न होता, तो सबसे अधिक किस चीज़ की कमी महसूस होती?<br>(A) धन की<br>(B) मनोरंजन की<br>(C) सही मार्गदर्शन और समाधान की<br>(D) भोजन की | 1 |
| 2- | पाठ पर आधारित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए । | 2×3=6 |
| क | दरबारियों ने दारा के विरुद्ध षड्यंत्र रचा। यदि आप शाह की जगह होते, तो सत्य जानने के लिए कौन-से कदम उठाते? अपने निर्णय का कारण सहित वर्णन कीजिए। | 2 |
| ख | दारा अपने साथ पुराना कोट क्यों रखता था? इस व्यवहार से उसके व्यक्तित्व के किन गुणों का पता चलता है? अपने विचार स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| ग | दारा के पास धन-संपत्ति नहीं थी, फिर भी गाँव वाले उसका सम्मान करते थे। इस आधार पर स्पष्ट कीजिए कि किसी व्यक्ति का सम्मान किन गुणों पर निर्भर करता है? | 2 |
| | **खण्ड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण** | |
| 3 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर उपयुक्त विराम चिह्न का प्रयोग करके लिखिए।<br>क) शिक्षक ने कहा समय बहुत कीमती होता है।<br>ख) शाबाश तुमने प्रतियोगिता जीत ली | 2 |
| 4 | निम्नलिखित शब्दों के उचित विलोम शब्द लिखिए।<br>क) जटिल | 2 |

 © GAIL DAV PUBLIC SCHOOL

| | | |
|---|---|---|
| | ख) बेईमान | |
| 5 | निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।<br>क) जीभ<br>ख) मिट्टी | 2 |
| 6 | निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ सहित वाक्य प्रयोग कीजिए।<br>आँखों में चमक आना | 2 |
| 7 | उचित मुहावरे का प्रयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>जादूगर का अद्भुत खेल देखकर बच्चे.............................. । | 1 |
| | **खण्ड 'ग' लेखन** | |
| 8 | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। जहाँ इसने दुनिया को एक 'ग्लोबल विलेज' में बदल दिया है, वहीं इसके दुष्परिणाम भी तेज़ी से उभर कर सामने आ रहे हैं। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। लोग वास्तविक रिश्तों से दूर होकर आभासी दुनिया में अपनी खुशी तलाश रहे हैं, जिससे अकेलापन और अवसाद जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं।<br>विद्यार्थियों के लिए यह विशेष रूप से चिंताजनक है। घंटों तक स्क्रीन पर समय बिताने से न केवल उनकी एकाग्रता कम हो रही है" बल्कि शारीरिक सक्रियता घटने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, 'साइबर बुलिंग' और भ्रामक सूचनाओं का प्रसार समाज में अस्थिरता पैदा कर रहा है।'सोशल मीडिया पर अपनी जीवनशैली की तुलना दूसरों से करने की होड़ ने युवाओं में हीन भावना और दिखावे की प्रवृत्ति को जन्म दिया है। सूचनाओं के इस महासागर में गोता लगाते समय यदि हम संयम और विवेक का परिचय नहीं देंगे, तो यह तकनीक हमें लाभ पहुँचाने के बजाय गहरे संकट में डाल सकती है। डिजिटल साक्षरता और समय का सही प्रबंधन ही हमें इन दुष्प्रभावों से बचा सकता है। | 5 |
| 1 | गद्यांश में 'आभासी दुनिया' शब्द से क्या तात्पर्य है?<br>(क) सपनों की सुंदर दुनिया<br>(ख) कंप्यूटर और इंटरनेट द्वारा निर्मित कृत्रिम दुनिया<br>(ग) अंतरिक्ष की दुनिया<br>(घ) पुराने मित्रों का समूह | 1 |
| 2 | नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें। | 1 |

 © GAIL DAV PUBLIC SCHOOL

| | | |
|---|---|---|
| | कथन (A): सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से समाज में वास्तविक संवाद कम होता जा रहा है।<br>कारण (R): लोग अपने सामने बैठे व्यक्ति से बात करने के बजाय मोबाइल पर आभासी मित्रों के साथ व्यस्त रहना अधिक पसंद करते हैं।<br>(क) कथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। | |
| 3 | गद्यांश के अनुसार, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचने का सबसे प्रभावी तरीका क्या है?<br>(क) सोशल मीडिया का उपयोग पूरी तरह बंद करना<br>(ख) नए स्मार्टफोन खरीदना<br>(ग) डिजिटल साक्षरता और समय का सही प्रबंधन<br>(घ) केवल रात में इंटरनेट चलाना | 1 |
| 4 | मान लीजिए आप एक विद्यालय के छात्र प्रतिनिधि हैं। गद्यांश में वर्णित 'एकाग्रता की कमी' की समस्या को हल करने के लिए आप अपने सहपाठियों को सोशल मीडिया के उपयोग के संदर्भ में क्या सुझाव देंगे? | 2 |